ज्ञान शांति मैत्री

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252551 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

---

## हिंदी विवि की डिबेटिंग सोसायटी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में दीपमाला अवस्थी प्रथम, रत्नाकर सिरसाट द्वितीय व रेणु कुमारी को तृतीय पुरस्कार



वर्धा दि. 2 सितंबर 2011: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में डिबेटिंग सोसायटी द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण हेतु जनसंख्या स्थिरीकरण आवश्यक है' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग की छात्रा दीपमाला अवस्थी को प्रथम, संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के रत्नाकर सिरसाट को द्वितीय तथा स्त्री अध्ययन विभाग की छात्रा रेणु कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय ने छात्रों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में अहिंसा एवं शांति अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर चित्रा माली, दूरशिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर शंभू जोशी व साहित्य विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार सुमन उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि भारतीय संसदीय संस्थान-जनसंख्या एवं विकास द्वारा आगामी 11 और 12 नवंबर 2011 को एक राष्ट्रीय स्तर की वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विजयी टीम को 50 हजार तथा द्वितीय टीम को 25 हजार रूपये प्रदान किये जाने है। साथही प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाने वाले हैं। अस प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु विश्वविद्यालय से एक टीम भेजी जानी है। इस टीम का चयन करने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन डिबेटिंग सोसायटी द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के फ्यूजीई गुरूजी शांति अध्ययन केंद्र के सभागार में आयोजित इस प्रतियोगिता में पुरस्कृत प्रतिभागियों के अलावा संजय कुमार साहू, जितेंद्र, शरद देशमुख, प्रबोध कुमार, सचिंद्र शेखर शुक्ल,

रामचंद्र, सुरेश कुमार निराला, अंशुमाला सिंह, योगेंद्र यादव, सुनील कुमार राय तथा शैल्य कुमार पांडे आदि छात्रों ने सहभागिता की। प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में क्रमशः तीन हजार, दो हजार, 1500 तथा एक हजार रूपये राशि तथा स्मृतिचिन्ह व प्रमाणपत्र प्रदान किए गये। इस अवसर पर डॉ. रामानुज अस्थाना, शरद जायसवाल, डॉ. उमेश कुमार सिंह, राकेश मिश्रा, संदीप सपकाले आदि सहित अध्यापक एवं शोधार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन डिबेटिंग सोसायटी की संयोजक सहायक प्रोफेसर अवंतिका शुक्ला ने किया।

बी एस मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी

पोष्ट - मानस मंदिर, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post- Manas Mandir, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
Ph./Fax: (07152) 252651 ई-मेल/**E-mail: bsmirgae@gmail.com**, वेबसाईट/**Website:** www.hindivishwa.org